सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

# अपनी बात

अंक : 592 वर्ष 44 राँची, मई, 2023

## श्रमेव जयते








# मई दिवस पर सीसीएल में 'श्रमिक सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन

## प्रथम बार आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत कर्मियों को भी सम्मानित किया गया

दिनांक 01 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सीसीएल मुख्यालय, राँची में सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ, श्री पंकज कुमार तथा मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण सहित सीसीएल कर्मियों द्वारा दरभंगा हाउस प्रागंण में स्थित 'शहीद स्मारक' पर पुष्पांजलि अर्पित कर सीसीएल सपूतों को शत–शत नमन किया। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में मनाया गया।



श्रमिक दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद



श्रमिक दिवस के अवसर पर मंचासीन सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद, सीसीएल के निदेशकगण एवं अन्य गणमान्य

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने सभी को श्रमिक दिवस की हार्दिक बधाई दी और कहा कि कोल इंडिया के श्रमिकों अपने कत्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हैं जिसके बदौलत ही कंपनी अपने लक्ष्य हासिल करने में सफल हुआ है। कंपनी प्रत्यक्ष रूप से जुड़े श्रमिकों के साथ–साथ अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े श्रमिकों का भी सम्मान करती है। सीसीएल अपने सीएसआर योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन के बेहतर सुधार के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद सभी को मई दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि यह श्रमिकों परिश्रम और समर्पण भावना का ही परिणाम है कि सीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2022–23 में अपना उत्पादन लक्ष्य 76 मिलियन टन को पार किया जिसमें नियमित कर्मियों के साथ–साथ आउटसोर्सिंग कर्मियों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जो लक्ष्य मिला है उसे हम सभी मिलकर निश्चित रूप से पूरा करेंगे।

निदेशक तक. (संचा.), श्री राम बाबू प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि श्रम किसी भी रूप में सम्मानित रहता है और राष्ट्र के विकास की नींव श्रम से ही रखी जाती है। उन्होंने कहा कि संभावना की दृष्टीकोण से सीसीएल में उत्पादन करने की क्षमता अधिक है।

इस अवसर पर श्रमिक संघ के माननीय नेता श्री रमेन्द्र कुमार ने भी मई दिवस की बधाई देते हुये कहा कि कोल इंडिया प्रगतिशील एवं अनोखी कंपनी है और यह अपने नियमित कर्मियों के साथ–साथ ठेकेदार मजदूरों के प्रति भी सजग है, उनके भागीदारी एवं उनके श्रम को सम्मानित करता है।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय सहित सीसीएल के सभी 12 क्षेत्रों से आये हुए 74 अधिकारियों एवं कर्मचारियो को कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया'।

स्वागत भाषण महाप्रबंधक (समाधान/भर्ती/कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध), सुश्री रश्मि दयाल ने किया जबकि मंच संचालन श्रीमती दिव्या सिंह एवं सुश्री राखी गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# सीसीएल द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के मेधावी विद्यार्थियों के लिए समग्र शिक्षा व्यवस्था

झारखण्ड स्थित कोयला उत्पादक कंपनी सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने सीएसआर पहल के तहत 10 बच्चों के समग्र शिक्षा का व्यवस्था की है। इसके अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से इनका नामांकन मदर्स इंटरनेशनल स्कूल, ब्रॉम्बे, राँची में करवाया गया है। इस आवासीय विद्यालय में उन्हें सीबीएसई बोर्ड पर आधारित शिक्षा दिया जा रहा है।



मदर्स इंटरनेशनल स्कूल में संबोधित करते निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र

दिनांक 14 मई, 2023, रविवार को मदर्स इंटरनेशनल स्कूल जाहेर, ब्राम्बे, राँची में आयोजित इन्वेस्टीचर सेरिमनी के अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान श्री मिश्र ने बच्चों से मुलाकात की तथा उन्हें सम्बोधित करते हुए कहा कि एक अनुशासित व्यक्ति ही देश को प्रगति के पथ पर आगे ले जा सकता है । उन्होंने मदर्स डे पर सभी माताओं को प्रथम गुरू बताते हुए उन्हें नमन किया।

अवसर विशेष पर सम्मानित अतिथि के रूप में महाप्रबंधक, सीएसआर, श्री बालाकृष्णा लाडी और विशेष अतिथि के रूप में मेजर जी.एस.सलूजा एवं मुख्य प्रबंधक श्री एस. एस. लाल भी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि सीसीएल द्वारा कमांड क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर चयनित 10 बच्चों को कक्षा आठवीं से दसवीं तक के स्कूल, हॉस्टल एवं मेस फीस, स्कूल यूनिफार्म, किताबें एवं अन्य खर्चों का वहन करेगा।



मदर्स इंटरनेशनल स्कूल में निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं अन्य

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक आयोजित

सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस राँची में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक सी.सी.एल. के निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यालय एवं क्षेत्र के राजभाषा के नोडल अधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर और सुगमता से इसे प्रयोग में लाया जा सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुये कहा कि हिन्दी जनसामान्य की भाषा है इस दृष्टीकोण से अधिक से अधिक सूचनाओं का आदान–प्रदान एवं पत्राचार हिन्दी में ही करें और इसके लिए अपने अधिनस्थ कर्मियों को भी प्रेरित करें।

बैठक में सहायक प्रबंधक (राजभाषा) श्री दिविक दिवेश ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। अवसर विशेष पर हिन्दी में सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन करने वाले विभागों एवं क्षेत्रों को पुरस्कृत किया गया।



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का एक दृश्य

बैठक का संचालन विभागाध्यक्ष (राजभाषा), श्री संजय कुमार ने किया तथा बैठक को सफल बनाने में प्रबंधक (सचिवालय/राजभाषा) श्री बलि राम सिंह, श्री दिविक दिवेश एवं अन्य का सक्रिय सहयोग रहा।

# निदेशक (कार्मिक) ने की सीएसआर गतिविधियों का जायजा लिया




सीएसआर संबंधी गतिविधियों की समीक्षा बैठक करते निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

आज 04 मई को सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय, रांची में सीएसआर संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (सीएसआर), श्री बाल कृष्ण लाडी सहित सीसीएल मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रों के सीडी संवर्ग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुये निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ–साथ अपने हितधा. रकों के समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सीएसआर के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमेशा से ही सीसीएल की प्राथमिकता रही है। श्री मिश्र ने सीएसआर योजनाओं को नवाचारयुक्त तथा सस्टेनेबल बनाने पर जोर देते हुये कहा कि सीएसआर द्वारा न सिर्फ लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है बल्कि इससे कंपनी की सामाजिक स्वीकार्यता भी बढ़ती है।

बैठक में सीएसआर के माध्यम से चलाये जा रहे योजनाओं के साथ–साथ भविष्य की प्रस्तावित योजनाओं पर भी चर्चा की गयी।

ज्ञातव्य हो कि सीसीएल द्वारा सामाजिक निगमित दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे सीसीएल के लाल एवं लाडली, जेएसएसपीएस इत्यादि का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसी तरह सेन्ट्रल लाइब्रेरी का निर्माण एवं रामगढ़ जिला में सेन्ट्रलाईज्ड किचेन के अंतर्गत पोषणयुक्त मिड डे मील की व्यवस्था की जायेगी।

# गांधीनगर अस्पताल में विशेष नेत्र जाँच अभियान

केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर के नेत्र विभाग द्वारा पिछले दो महिनों में रेटिनल विकार (नेत्र रोग) संबंधी 300 से अधिक रोगियों का सफलतापूर्वक जाँच किया गया। कुछ मरीजों को फंडस फ्लोरेसिन एंजियोग्राफी करायी गयी। विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों को एफएफए डायबिटिक रेटिनोपैथी, रेटिनल वेनस ऑक्लूजन, आदि जैसे कई दृष्टि संबंधी विकारों के प्रबंधन संबंधी चिकित्सीय परामर्श दिये गये।

सीसीएल द्वारा निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में समय–समय पर विभिन्न शिविरों का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में डॉ उत्पला चक्रवर्ती एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



नेत्र जाँच शिविर में गांधीनगर अस्पताल के चिकित्सक एवं पारा मेडिकल स्टाफ

# रिकार्ड रिटेंशन शेड्यूल पर दो दिवसीय कार्याशाला का आयोजन

सीसीएल में 'रिकार्ड रिटेंशन शेड्यूल (Record Retention Schedule)' पर दो दिवसीय (18 एवं 19 मई, 2023) कार्याशाला का आयोजन सीसीएल मुख्यालय, राँची में किया गया जिसका उद्‌घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर नेशनल आर्काइव से सहायक निदेशक, आर्काइव श्री उदय शंकर, श्री थिन्गम संजीव, महाप्रबंधक (प्रशासन), श्री यू.पी. नारायण, महाप्रबंधक (विधि/मासंवि), श्री पार्थो भट्टाचार्यजी सहित मुख्यालय एवं क्षेत्रों के संबंधित नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सीसीएल में स्थापित वर्तमान कार्यप्रणाली को और बेहतर करना है। उन्होंने कहा कि कार्याशाला से निश्चय ही रिकार्ड को और बेहतर व्यवस्थित करने हेतु नवीनतम जानकारी मिलेगा और कार्यनिष्पादन सुगम होगा।

सहायक निदेशक, आर्काइव श्री उदय शंकर ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से रिकार्ड रिटेंशन शेड्यूल के बारे में विस्तार से जानकारी प्रस्तुत किया।



कार्यशाला में उपस्थित जनों को संबोधित करते निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र

कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाप्रबंधक (प्रशासन), श्री यू.पी. नारायण एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## सीसीएल की अनोखी पहल

# स्ट्रे एनिमल्स के लिए एम्बुलेंस की सुविधा

दिनांक 19 मई को सीसीएल मुख्यालय, राँची में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने स्ट्रे एनिमल्स (stray animals) के लिए पहला '24X7 पशु चिकित्सा–सह–आपात सेवा एम्बुलेंस' को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन झारखंड राज्य की राजधानी राँची में चौबीस घंटा सेवा के लिए तत्पर रहेगी और सीसीएल के कमांड क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रों में भी भ्रमण कर आमजन को जागरूक करेगी।

निदेशक (कार्मिक) श्री मिश्र ने कहा कि यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि आवारा पशुओं की देखभाल के लिए पूरी व्यवस्था की जाए जिससे अगर रोड में पशुओं की दुर्घटना होती है तो उसे उसी स्थान पर तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सके।

सीसीएल अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत पहली बार पशुओं के लिए चौबीसों घंटे पशु चिकित्सा–सह–आपात सेवा एम्बुलेंस' की सुविधा का शुभारंभ किया है जिसका संचालन होप एंड एनीमल ट्रस्ट, राँची द्वारा किया जायेगा। यह एम्बुलेंस आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है।

अब सड़क पर घायल पशुओं तथा बीमारियों से संक्रमित पशुओं का तुरंत ईलाज किया जा सकेगा। अत्याधुनिक मोबाइल सुविधा का उद्देश्य आवारा पशुओं को महत्वपूर्ण चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के साथ–साथ पशुओं के टीकाकरण और नसबंदी और उनके स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए सीसीएल कमांड क्षेत्रों की यात्रा करेगी।




झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को रवाना करते निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र

इस अनोखी पहल में महाप्रबंधक (एसडी एवं सीएसआर), श्री बालकृष्ण लाडी एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य उपस्थित थे।

# सीसीएल को वित्तीय खातों में गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए पुरस्कृत किया गया

एसईसीएल में आयोजित कोल इंडिया लिमिटेड की 21वीं डीएफ कोऑर्डिनेशन मिटिंग के दौरान सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड को वित्तीय वर्ष 2022–23 में वित्तीय खातों में गुणत्तापूर्ण सुधार के लिए कोल इंडिया द्वारा पुरस्कृत किया गया है। सीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री पी. के. मिश्रा तथा उनकी टीम ने यह पुरस्कार कोल इंडिया के प्रभारी निदेशक (वित्त) श्री देवाशीष नंदा के हाथों ग्रहण किया।



पुरस्कार के साथ निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं अन्य

सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद ने कंपनी के इस उपलब्धि के लिए वित्त विभाग के सभी कर्मियों को बधाई दी।

निदेशक (वित्त) श्री पी. के. मिश्रा ने इस उपलब्धि के लिए सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में कार्यरत विभिन्न विभाग के सभी कार्मिकों को श्रेय देते हुए कहा कि सीसीएल को सर्वश्रेष्ठ कंपनी बनाने की प्रक्रिया में हमें हर पहलू में सुधार की आवश्यकता है। इस दिशा में खाते की गुणवत्ता में सुधार और वित्तीय विवरण की प्रस्तुति बहुत महत्वपूर्ण है।

# सीसीएल में ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल एवं क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मचारियों के साथ–साथ समाज के हर वर्ग के लिए के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है । सीसीएल समय–समय पर शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है ।



ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का एक दृश्य

इसी क्रम में सीसीएल में बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल एवं क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का दिनांक 30.05.2023 को विधिवत उदघाटन किया गया। सीसीएल गांधीनगर क्रीडांगन, राँची में दिनांक 11.06.2023 तक आयोजित इस शिविर में 100 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। सीसीएल द्वारा बच्चों में खेल भावना को बढ़ावा एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है ।

मुख्यालय के अतिरिक्त सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में भी ऐसी ग्रीष्मकालीन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

# सीसीएल से 88 कर्मी सेवानिवृत्त हुए, ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई




विदाई–सह–सम्मान समारोह का एक दृश्य

दिनांक 31/05/2023 को मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची से कुल 6 कर्मी – सर्वश्री/सुश्री दीपक कुमार वर्मा, विभागाध्यक्ष (वित्त), इंटरनल ऑडिट, अरूण कुमार जैन, प्रबंधक (कार्मिक), चिकित्सा विभाग, दुलारी रावत, मेट्रॉन (ए–1), गांधीनगर अस्पताल, राजेश प्रसाद सिन्हा, कार्यालय अधीक्षक, सुरक्षा एवं बचाव विभाग, परमेश्वर गौर, कैट–II, नगर प्रशासन विभाग तथा रूपानी देवी, कैट–I, सेल्स एंड मार्केटिंग विभाग सेवानिवृत्त हुए। इनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई–सह–सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मई माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 88 कर्मी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मियों द्वारा अपने–अपने कार्यानुभवों पर आधारित व्यक्त किए गए विचारों को एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) बनाकर 'सम्मान समारोह' के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे कंपनी निरंतर नयी ऊँचाईयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं।

मुख्यालय, राँची में आयोजित सम्मान समारोह में सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने अपने संबोधन में सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित वरिष्ठतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया और कहा कि आप सभी का योगदान अपने–अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है। उन्होंन सेवानिवृत कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना की।

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद ने कहा कि माह का यह अंतिम दिन हम सभी के लिए बहुत कष्टदायी लगता है जब कंपनी के अनुभवी एवं अमूल्य रत्न हमें छोड़कर सेवानिवृत हो जाते हैं। अपने संबोधन में सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को शुभकामनाएँ देते हुये उनके सुखद भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना किया और कहा कि कहा कि आप सभी अपने कार्यकाल में जहां भी पदस्थापित रहें वहां अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया, इसके लिए हम आभारी हैं।

निदेशक (वित्त) श्री पी. के. मिश्रा, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री बी. साईराम एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार ने सेवा निवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि रिटायरमेंट के बाद आप सभी अपने आप को किसी अच्छे काम में व्यस्त रखें। उन्होंने ईश्वर से उनके अच्छे स्वास्थ्य की शुभेच्छा प्रकट की।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे।


# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limi...** · 02 May

CCL has its best April performance ever.

Marching ahead in the drive to meet the nation's energy demands, #TeamCCL achieved its best-ever April performance in coal production, dispatch, and OBR in 2023.

Congratulations on an outstanding performance.
#atmanirbharbharat




Office of Pralhad Joshi and 4 others

1 · 29 · 66 · 3,060

**Central Coalfields Limit...** · 01 May

सीसीएल में श्रमिक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन|

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशकगण, सीवीओ, श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभिन्न वर्गों में 74 विजेताओं को पुरस्कृत किया|

अवसर विशेष पर बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे|
विजेताओं को बधाई!
#LabourDay



Office of Pralhad Joshi and 5 others

40 · 66 · 1,085

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

सीसीएल की सीएसआर योजनातर्गत 74.16 लाख रु की लागत से बोकारो ज़िले के दूरस्थ स्थानों में त्वरित स्वास्थ्य सेवा हेतु ANMs के लिए 100 ई-स्कूटर प्रदान किए गए हैं। झारखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा ज़िला प्रशासन की उपस्थिति में इनका वितरण किया गया।

Translate Tweet




Pralhad Joshi and 6 others

14:22 · 06 May 23 · **1,176** Views

**Central Coalfields Limit...** · 29 May

CCL has been awarded by Coal India Limited for the best improvement in the quality of financial accounts for FY22-23.

During the 21st DF coordination meeting of CIL,Sri P.K.Mishra, D(F) CCL and his team received the award.

Congratulations! #TeamCCL on this accomplishment.




Pralhad Joshi and 6 others

2 · 42 · 67 · 2,15

(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)
सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, एमटी, जनसम्पर्क विभाग